# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
Website:-www.brabu.net


Ref:.................... Date:..........................

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (28/08/2024)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE-28/08/2024, PAGE-08

चार वर्षीय बीएड के छात्रों का वीसी आवास पर धरना, प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, आश्वासन के बाद माने

### अनुत्तीर्ण छात्रों की कॉपी फिर जांची जाएगी

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में चार वर्षीय बीएड में फेल 50 छात्रों ने बिहार छात्र संघ के बैनर तले मंगलवार को सुबह सात बजे कुलपति आवास के बाहर धरना दिया। विवि थाना छात्रों को वहां से हटाकर धरनास्थल पर ले गई। धरनास्थल से छात्र कुलपति कार्यालय पहुंचे और रिजल्ट सुधारने की मांग की। छात्रों ने इस दौरान नारेबाजी भी की।

वीसी चैंबर के बाहर खड़ी पूजा ने बताया कि उसे छह नंबर से फेल किया गया है। प्रिया ने बताया कि उसे पांच नंबर और शबनम ने बताया कि उसे चार नंबर से फेल कर दिया गया है। एक छात्र ने कहा कि रिजल्ट में सुधार नहीं हुआ तो वह आत्मदाह कर लेगा। अन्य छात्रों ने उसे समझाकर शांत कराया।

छात्रों ने बताया कि चार वर्षीय बीएड सत्र 2020-24 सातवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम आठवें सेमेस्टर की परीक्षा होने से दो दिन पहले आया। जो छात्र फेल कर गए उनको आर.टी.आई के माध्यम से कॉपी निकालने तक का समय नहीं दिया गया और परीक्षा ले ली गई। छात्रों के प्रदर्शन के बाद कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने पांच सदस्यीय टीम को कार्यालय में बुलाया, जिसमें



विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति आवास के गेट पर धरना पर बैठे छात्र।

गौतम सिंह, करण सिंह, ओम प्रकाश, सुधांशु, सुरभि शामिल थीं। छात्रों की मांग थी की साइंस की कॉपी फिर से चेक की जाये। कुलपति ने दोबारा जांच कराने का आश्वासन दिया। री-चेकिंग का परिणाम तीन दिन में जारी होगा।

#### 'पहले कॉलेज परेशान करता था अब विश्वविद्यालय'

बिहार छात्र संघ अध्यक्ष गौतम सिंह ने कहा कि यह विवि का तानाशाही रवैया है। पहले महाविद्यालय परेशान करता था अब विवि परेशान कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह ने कहा कि दो दिन बाद परीक्षा थी। इसलिए जल्दबाजी में रिजल्ट प्रकाशित कर छात्रों को फेल कर दिया गया है। इस मौके पर जिला महामंत्री ओमप्रकाश, उज्ज्वल, सुधांशु, रोहित, सौरभ, सुमित, अमन, राजशेखर, हर्ष, प्रिया, सुरभि, लकी मौजूद थे।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE-28/08/2024, PAGE-08

### जिला खेलकूद प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन दो तक

मुजफ्फरपुर। जिला खेलकूद प्रतियोगिता सितंबर के दूसरे सप्ताह में होगी। इसमें भाग लेने वाले सरकारी व गैरसरकारी विद्यालयों के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि दो सितंबर तक तय है। प्रतियोगिता में 15 खेल विधाओं की सहभागिता होनी है।

जिला खेल पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में बिहार शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त विद्यालयों की अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 गर्ल्स व ब्वॉयज की टीमें भाग लेंगी। सीबीएससी से मान्यता प्राप्त (केन्द्रीय विद्यालय व जवाहर नवोदय विद्यालय को छोड़कर) विद्यालयों की टीमें भी भाग ले सकती हैं।

#### बाबू लंगट सिंह इंटर कॉलेज रोड रेस कल

मुजफ्फरपुर। खेल दिवस पर 29 अगस्त को बीआरएबीयू का खेल कैलेंडर जारी होगा। विवि स्पोर्ट्स कौंसिल की ओर से इस दिन सुबह में एलएस कॉलेज कैंपस में बाबू लंगट सिंह इंटर कॉलेज रोड रेस का आयोजन किया जाएगा। रोड रेस में महिला व पुरुष एथलीटों के लिए पांच किलोमीटर और तीन किलोमीटर का रोड रेस होगा। इस अवसर पर बीआरएबीयू खेल कैलेंडर जारी किया जाएगा। यह जानकारी विवि स्पोर्ट्स कौंसिल के सचिव के कांतेश कुमार ने दी।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE-28/08/2024, PAGE-08

### दाखिले को 30 से खुलेगा पोर्टल

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में 30 अगस्त से एमएड में दाखिले के लिए पोर्टल खुलेगा। बीआरएबीयू में एमएड की पढ़ाई तीन कॉलेजों में होती है। सभी कॉलेजों में 50-50 सीटें हैं। पोर्टल खुलने के बाद सितंबर में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद अक्टूबर से कक्षाएं शुरू होने की उम्मीद है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
Website:-www.brabu.net


Ref:.................... Date:..........................

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:28/08/2024, PAGE-04**

### सैद्धांतिक, वोकेशनल व प्रोफेशनल कोर्स में नामांकित छात्रों लिए लागू होनी है व्यवस्था

# चार स्तरों पर ऑथेंटिकेशन के बाद ही बनेगी छात्रों की एबीसी आइडी

**बीआरए विवि**

- इसी पर प्रदर्शित होगी डिग्री, बैंक में जुड़ता जाएगा एकेडमिक क्रेडिट

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**



बीआरए बिहार विवि प्रशासन ने एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आइडी क्रिएट करने को लेकर तैयारियां तेज कर दी है. कॉलेजों को इसको लेकर ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा. विश्वविद्यालय की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार चार स्तर पर ऑथेंटिकेशन के बाद ही छात्र-छात्राओं की एबीसी आइडी क्रिएट हो सकेगी. इसमें छात्र का नाम, जन्म की तिथि, जेंडर और यूनिक नंबर के रूप में अपना रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करना होगा. यह विवरण देने के बाद सत्यापन की प्रक्रिया होगी और छात्र-छात्राओं का एबीसी एकाउंट खुल जाएगा. इसके बाद बैक इंड में आधार कार्ड से इसका सत्यापन किया जाएगा. इसकी यूनिक आइडी की जानकारी छात्र-छात्राओं को फॉर्म भरते समय देनी होगी. फाइनल परीक्षा होने के बाद छात्र-छात्राओं को पहले प्रोविजनल और डीम्ड डेट आने के बाद मूल प्रमाणपत्र भी इसी आइडी पर प्राप्त हो जाएगी. एबीसी एकाउंट से लॉगइन करने पर एकेडमिक क्रेडिट और डिजीलॉकर से लॉगइन करने पर डिग्री व प्रोविजनल की सॉफ्ट कॉपी मिलेगी. इसे पीडीएफ फॉर्मेट में शेयर भी किया जा सकता है.

**दो सत्र के स्टूडेंट्स का प्रोविजनल किया गया अपलोड :** विश्वविद्यालय ने प्रदेश में सबसे पहले स्नातक के दो सत्र के विद्यार्थियों का प्रोविजनल सर्टिफिकेट डिजीलॉकर पर अपलोड कर दिया है. छात्र-छात्राएं अपने आधार कार्ड के माध्यम से लॉगइन कर अपना प्रोविजनल डाउनलोड कर सकते हैं. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि चार वर्षीय स्नातक कोर्स में स्टूडेंट्स की एबीसी आइडी बनेगी तो इसका लाभ उन्हें मिलेगा. वे स्नातक के साथ यदि किसी अन्य विश्वविद्यालय या संस्थान से दूसरा कोई कोर्स करते हैं तो उसका भी क्रेडिट इस खाते में जुड़ जाएगा. साथ ही इस प्रमाणपत्र को उच्च शिक्षा या जॉब के समय प्रदर्शित करने पर इसका सत्यापन भी ऑनलाइन मोड में ही हो जाएगा. उसे विश्वविद्यालय भेजकर ऑफलाइन मोड में सत्यापित कराने की जरूरत नहीं होगी.

### भुगतान के बाद ट्रांजेक्शन आइडी व स्टेटस का कॉलम हो जाता है ब्लैंक

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रोफेशनल, वोकेशनल और सैद्धांतिक कोर्स से फाइनल इयर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डिग्री, प्रोविजनल, माइग्रेशन से लेकर अन्य प्रमाणपत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन में करोड़ों रुपये की सेंधमारी की जा रही है. प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में छात्रों के खाते से प्रमाणपत्र की फी के बदले में ली जाने वाली राशि विश्वविद्यालय को नहीं मिलती. वेबसाइट में एरर कहें या कार्य कर रही गेटवे कंपनी की सेंधमारी यह छात्रों के समझ से परे है. शहर के साइबर कैफे संचालक भी इससे परेशान हो गये हैं. वे जब भुगतान करते हैं तो उस समय ट्रांजेक्शन सफल बताता है. पावती में भी उसका जिक्र रहता है, लेकिन इसके बाद ट्रांजेक्शन आइडी और स्टेटस का कॉलम ब्लैंक हो जाता है. ऐसे में जब वे डिग्री के लिए वह पावती विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करते है तो भुगतान नहीं होने की बात कह उन्हें लौटा दिया जाता है. ऐसे एक दो नहीं दर्जनों मामले प्रतिदिन सामने आ रहे हैं. परीक्षा विभाग मे शिकायत करने पर छात्रों को यह कह कर लौटाया जा रहा है कि पेमेंट के संबंध मे उन्हें कोई जानकारी नहीं है. ऐसे में छात्र परेशान हो रहे हैं कि विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाइट से पेमेंट करने के बाद भी विश्वविद्यालय को जानकारी नही है तो अन्य कौन क्या बताएगा. विश्वविद्यालय की ओर से कहे जाने पर कई छात्रों ने दोबारा भुगतान किया तब उन्हे प्रमाणपत्र दिया गया. ऐसे मे विश्वविद्यालय के सिस्टम पर सवाल यह उठ रहा है कि छात्र की ओर से भुगतान किए जाने के बाद वह पैसा विश्वविद्यालय को नहीं मिल रहा है तो इसमे सेंधमारी कहा से हो रही है. पूर्व के पदाधिकारियों से भी इस प्रकार की दर्जनों शिकायतें की गयी थी, लेकिन अबतक इस दिशा मे कोई कदम नही उठाया गया.

**कैफे संचालकों से अक्सर हो रहा विवाद :** ऑनलाइन आवेदन के समय ट्रांजेक्शन आइडी दिखने और बाद मे गायब हो जाने पर साइबर कैफे संचालक विवादों में घिर जा रहे हैं. कैफे संचालकों का कहना है कि उन्होंने भुगतान किया और बैंक से उसका स्टेटमेंट भी निकलवाकर ग्राहक को दिखाया पर स्टेटस और ट्रांजेक्शन आइडी नहीं दिखने के कारण छात्रों को यह लगा कि भुगतान हुआ ही नहीं.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE-28/08/2024**

**PAGE-05**

# बिहार विश्वविद्यालय परिसर में बनेगा टेबल टेनिस कोर्ट बैडमिंटन-बास्केट बाल कोर्ट का किया जाएगा नवीकरण



मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय कैंपस में टेबल टेनिस कोर्ट बनेगा। साथ ही बैडमिंटन कोर्ट और बास्केट बाल कोर्ट का नवीकरण किया जाएगा। यहां पर सुबह-शाम ट्रेनिंग के लिए खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के साथ-साथ बाहरी खिलाड़ियों भी सदस्यता शुल्क देकर अभ्यास कर सकेंगे। उनके लिए ट्रेनिंग का समय निर्धारित रहेगा। स्पोर्ट्स काउंसिल की ओर से तैयार प्रस्ताव के अनुसार बाहरी खिलाड़ियों को सदस्यता शुल्क के रूप में 500 रुपए प्रतिमाह देने होंगे। इस राशि से कोर्ट का मेंटेनेंस समेत अन्य कार्य होगा। स्पोर्ट्स काउंसिल ने बैडमिंटन कोर्ट के बगल वाले भवन का चयन टेबल टेनिस सेंटर के लिए किया है। इसमें पहले विश्वविद्यालय का एडमिट कार्ड सेक्शन था। कुछ वर्षों से यह भवन बंद है। विश्वविद्यालय की योजना है कि इसमें 4 टेबल टेनिस बोर्ड लगेंगे जहां खिलाड़ी अभ्यास करेंगे। स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डॉ. कांतेश कुमार ने बताया कि बैडमिंटन, टेबल टेनिस और बास्केटबाल खिलाड़ियों को यहां काफी सुविधाएं दी जाएंगी। उन्हें बेहतर प्रशिक्षण भी मिलेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
Website:-www.brabu.net


Ref:.....................                                                Date:...........................

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE-28/08/2024, PAGE-06**

# विश्वविद्यालय व कालेजों के अधिकारियों के लिए वाकथन प्रतियोगिता

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरुवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कालेज के प्राचार्यों और अन्य के लिए वाकथन प्रतियोगिता होगी। इसमें उन्हें एक किमी की दूरी तय करनी होगी। विश्वविद्यालय की ओर से होने वाले आयोजन में इसे विशेष इवेंट के रूप में शामिल किया गया है। प्रथम बाबू लंगट सिंह मेमोरियल बीआरए बिहार विश्वविद्यालय क्रास कंट्री चैलेंज 2024 का मिनट टू मिनट प्रोग्राम जारी कर दिया गया है। प्रतियोगिता में कालेज के खिलाड़ियों के साथ- साथ स्कूली बच्चे भी हिस्सा लेंगे। सुबह सात बजकर 20 मिनट पर प्रतियोगिता शुरू होगी और इसका समापन नौ बजकर 30 मिनट पर होगा। अंडर-14 कैटेगरी में बालक और बालिका वर्ग के लिए दो किमी रेस, अंडर-17 कैटेगरी में बालक और बालिका वर्ग के लिए तीन किमी रेस, इंटर कालेज प्रतियोगिता में छात्राओं के लिए तीन किमी रेस और इंटर कालेज प्रतियोगिता के तहत छात्रों के लिए पांच किमी की दूरी निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स काउंसिल की ओर से सभी अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों को आमंत्रण पत्र भेजकर पांच- पांच खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भेजने का अनुरोध किया गया है। अब तक करीब 22 कालेजों ने खिलाड़ियों की सूची विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दी है।

बताया जा रहा है कि कालेजों से 300 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। सुबह सात बजकर 15 मिनट पर खिलाड़ियों को कतारबद्ध कराया जाएगा। वहीं इस मौके पर विश्वविद्यालय का स्पोर्ट्स कैलेंडर जारी होगा। इसमें विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाले विभिन्न खेलों के टूर्नामेंट, आयोजन स्थल से लेकर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आवेदन तिथि का विवरण होगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से एक निर्देशिका का प्रकाशन कराया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर कुलपति प्रो. डीसी राय के नेतृत्व में इसका लोकार्पण किया जाएगा। वहीं सभी कालेजों को इंटर कालेज टूर्नामेंट के लिए स्पोर्ट्स कैलेंडर दिया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय टीम के लिए ड्रेस कोड भी दिया जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से योजना बनाई गई है कि अब अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में टीम भेजने से पहले खिलाड़ियों का प्रशिक्षण होगा।

## बैडमिंटन कोर्ट में 500 देकर बाहरी खिलाड़ी भी कर सकेंगे अभ्यास



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में बैडमिंटन कोर्ट को अपडेट किया जाएगा। इसमें सुबह-शाम खिलाड़ियों की ट्रेनिंग के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के साथ-साथ अब बाहरी खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए एंट्री दी जाएगी। उनके लिए भी समय निर्धारित किया जाएगा। उन्हें सदस्यता शुल्क के रूप में 500 रुपये प्रति माह देने होंगे। इससे कोर्ट के मेंटेनेंस समेत अन्य कार्य में काफी सुविधा होगी। दूसरी ओर विश्वविद्यालय में टेबल टेनिस सेंटर के लिए जगह चिह्नित किया गया है। इसके लिए स्पोर्ट्स काउंसिल की ओर से बैडमिंटन कोर्ट के बगल वाले भवन का चयन किया गया है। इसमें कुछ दिन पहले तक विश्वविद्यालय का एडमिट कार्ड सेक्शन था। कुछ वर्षों से यह भवन बंद है। अब इसको टेबल टेनिस केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। विश्वविद्यालय की योजना है कि केंद्र में चार टेबल टेनिस बोर्ड लगाए जाएंगे। यहीं खिलाड़ी अभ्यास करेंगे। दूसरी ओर बास्केटबाल कोर्ट का भी जीर्णोद्धार कराया जाएगा। अभी विश्वविद्यालय पीजी केमिस्ट्री विभाग में बास्केटबाल कोर्ट है। कई वर्षों से वहां कोई गतिविधि नहीं हुई है। क्रीड़ा परिषद के सचिव डा. कांतेश कुमार ने बताया कि बैडमिंटन, टेबल टेनिस और बास्केटबाल के खिलाड़ियों को आने वाले दिनों में काफी सुविधा दी जाएगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण भी मिलेगा। बैडमिंटन और बास्कटेबाल कोर्ट का जीर्णोद्धार होगा। वहीं टेबल टेनिस के लिए बैडमिंटन कोर्ट के बगल में एक पुराने भवन का चयन किया गया है। यहां खिलाड़ियों के लिए सेंटर खुलेगा।

## खेल दिवस पर जिले के 26 खिलाड़ियों को मिलेगा मुजफ्फरपुर खेल रत्न पुरस्कार

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : खेल दिवस पर जिले के 26 खिलाड़ियों को मुजफ्फरपुर खेल रत्न से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न खेलों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले तीन सौ खिलाड़यों के साथ-साथ खेल प्रशिक्षकों, आयोजकों एवं संघों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को 24वीं मुजफ्फरपुर जिला युग सृजन खेल पुरस्कारों की घोषणा अनिल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में की गई। आयोजन सचिव संजय केजरीवाल ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को चैंबर आफ कामर्स सभागार में आयोजित खेल सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा।

खेल रत्न के लिए चुने गए खिलाड़ियों में बैडमिंटन से अमृत राज एवं सुहानी कुमार, हाकी से विवेक विश्वकर्मा, अभय साह एवं अमृतांशु, टेबल टेनिस से निलांजना शर्मा, एथलेटिक्स से रवि भाष्कर, दिव्या, नेहा कुमारी, कृतिका, एकलव्य राज, प्रिंसी एवं आका, वुशू से रबाब रब्बानी, कृष्णा कुमारी एवं प्रणव वंदांती, टारगेट बाल से आकाश, कराटे से नितेश, नीरज, इशिका एवं आदित्य तथा सवात से अनुष्का अभिषेक, स्वीटी, प्रियम, कुमारी अनन्या एवं श्रृष्टि भारद्वाज शामिल हैं।

### प्रमंडलीय मुख्यालयों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का होगा विकास

जासं, मुजफ्फरपुर : राज्य के सभी प्रमंडलीय मुख्यालयों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया जाएगा। इसे लेकर खेल विभाग के प्रमुख सचिव ने सभी संबंधित जिलाधिकारियों से भूमि उपलब्धता के संबंध में रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है। इसके लिए प्रमंडलीय मुख्यालय या इसके आसपास 15-20 एकड़ भूमि की आवश्यकता बताई है।

********